# अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह की जन्मस्थली का पुरातत्व विभाग ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**कोठी 5 अप्रैल। जिले के कोठी तहसील अंतर्गत ग्राम मनकहरी में स्थित अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह की जन्मस्थली पर आज एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक पहल देखने को मिली। पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग, जबलपुर रीजन की चार सदस्यीय टीम ने स्थल का विस्तृत निरीक्षण एवं सर्वेक्षण किया।**

निरीक्षण में रानी दुर्गावती पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के उपसंचालक के एल डाबी, डॉ संतोष सिंह चौहान, डॉ उमाशंकर तिवारी एवं डॉ हेतराज सिंह (एस डी ओ कृषि विभाग) रहे।

यह निरीक्षण अमर शहीद बाबा रणमत सिंह जन सेवा संगठन के आह्वान पर संपन्न हुआ। टीम ने जन्मस्थली परिसर के साथ-साथ जीर्ण-शीर्ण हो चुके प्रवेश द्वार का भी बारीकी से जायजा लिया। लंबे समय से उपेक्षित इस प्रवेश द्वार के जीर्णोद्धार की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार उठाई जा रही थी।

निरीक्षण के दौरान संगठन के पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में



उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में इस ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया।

पुरातत्व विभाग की टीम द्वारा किए गए इस सर्वेक्षण को जन्मस्थली के विकास एवं संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही प्रवेश द्वार के जीर्णोद्धार एवं स्थल के समग्र विकास को लेकर ठोस कार्ययोजना बनाई जाएगी।

यह पहल न केवल क्षेत्र के गौरवशाली इतिहास को संजोने में सहायक होगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह जी के बलिदान से प्रेरणा लेने का अवसर भी प्रदान करेगी।

अमर शहीद बाबा रणमत सिंह जन सेवा संगठन के संरक्षक चंद्रमोलेश्वर सिंह, जयदीप सिंह, जागेंद्र सिंह, अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, संयोजक सहेंद्र सिंह गहरवार, सहसंयोजक उमेश सिंह पप्पू, कोषाध्यक्ष जीतेंद्र सिंह जीत, जनसंपर्क प्रभारी रुक्मिणी रमण प्रताप सिंह (बबलू), संगठन प्रवक्ता बृजेश गर्ग सोनू, संगठन सूत्रधार नीरज सिंह भाद, उपाध्यक्ष विज्ञान सिंह, डॉ अनूप सिंह, संगठन सोशल मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र सिंह बाबू तरुणेंद्र सिंह (राजू) हाटी एवं अन्य लोग रहे मौजूद।

# दस किलो गांजे के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 5 अप्रैल। थाना राजापुर पुलिस टीम ने 2 अभियुक्तों को मोटर साइकिल से ले जा रहे 10 किलो ग्राम अवैध सूखा गांजा के साथ गिरफ्तार किया।**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह व क्षेत्राधिकारी राजापुर राज कमल के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राजापुर लाखन सिंह के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह व उनकी टीम द्वारा अभियुक्त जय कुमार पुत्र जीवन लाल कुशवाहा निवासी ग्राम तरौल थाना करछना जिला प्रयागराज, योगेन्द्र सिंह पुत्र महेन्द्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम खटगियां थाना धूरपुर जनपद प्रयागराज कोएक पीली बोरी में कुल 10 किलो ग्राम अवैध सूखा गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के विरुद्ध थाना राजापुर में धारा 8, 20 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को धारा 207 एमवी एक्ट के अन्तर्गत सीज किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह, आरक्षी शाकिर अली, आरक्षी शुभम मिश्रा, आरक्षी चंदन विश्वकर्मा, आरक्षी लवकुश यादव व आरक्षी चालक पवन राजपूत मौजूद रहे।

# रिश्वतखोर मंडी के बाबू के खिलाफ व्यापारी संघ ने खोला मोर्चा

नवभारत न्यूज

**नागौद 5 अप्रैल। कृषि उपज मंडी में पदस्थ बाबू राजकुमार पाठक एक बार फिर विवादों में है। पहले रिश्वत मांगने का वीडियो वायरल हुआ, अब व्यापारी संघ की लिखित शिकायत सामने आई है। आरोप है कि बाबू व्यापारियों को परेशान कर रहा है और खुलेआम पैसे की मांग कर रहा है। सवाल यह है कि आखिर प्रशासन कार्रवाई करने में पीछे क्यों हट रहा है?**

नागौद कृषि उपज मंडी से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां मंडी में पदस्थ बाबू राजकुमार पाठक के खिलाफ व्यापारी संघ ने लिखित शिकायत दी है।

संघ द्वारा जारी पत्र में साफ तौर पर आरोप लगाया गया है कि बाबू राजकुमार पाठक बीते कई वर्षों से मंडी में पदस्थ रहते हुए व्यापारियों से लगातार अवैध वसूली कर रहा है। इतना ही नहीं, व्यापारियों को अनावश्यक रूप से परेशान कर काम के बदले पैसे की मांग भी की जा रही है।

पत्र में यह भी उल्लेख है कि बाबू की कार्यशैली से व्यापारी वर्ग खासा परेशान है और कई बार मौखिक शिकायतें भी की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

गौरतलब है कि कुछ समय पहले भी राजकुमार पाठक का रिश्वत मांगने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें कथित तौर पर वरिष्ठ अधिकारियों के नाम पर भी पैसे मांगे जाने की बात सामने आई थी। इसके बावजूद प्रशासनिक कार्रवाई सवालों के घेरे में रही।

सूत्रों की मानें तो बाबू खुलेआम यह कहता नजर आ रहा है कि उसका सब मैनेज है और वह अधिकारियों की कृपा से बचा हुआ है। ऐसे में शिकायतकर्ताओं में डर और असंतोष दोनों बढ़ते जा रहे हैं। अब देखना यह होगा कि बार-बार शिकायतों और सबूतों के बावजूद प्रशासन राजकुमार पाठक पर सख्त कार्रवाई करता है या फिर एक बार फिर उसे अभयदान मिल जाता है?

# पीएम श्री शा. उ. मा. वि. जसो में प्रवेश उत्सव मनाया गया

नवभारत न्यूज

**नागौद 5 अप्रैल। प्रवेश उत्सव बड़े ही हर्षो उत्साह के साथ मुख्य अतिथि विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार खरे की उपस्थिति में मनाया गया।**

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियो को रोली लगाकर, पुष्प वर्षा और आरती उतारकर की गई तत्पश्चात मुख्य अतिथि विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्री खरे को पुष्प माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत से किया गया फिर कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं, 9वीं एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम का प्रतिशत बताया गया और परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियो को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गई साथ परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, सर्वाधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों एवं मैरिट कम मींस में विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं स्थान रहे विद्यार्थियो को मोमेंटो और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया और उज्जवल भविष्य की कामना सहित शुभकामनाएं दी गई।



मुख्य अतिथि श्री मनोज खरे और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्राचार्य श्री उपेन्द्र मणि तिवारी जी एवं अन्य शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन करते हुए अभी से ही कड़ी मेहनत से पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया गया जिससे परीक्षा परिणाम और बेहतर किया जा सके। कार्यक्रम का संचालन सुश्री माधुरी सोनी के द्वारा किया गया कार्यक्रम में विद्यार्थियो सहित अभिभावक एवं निम्न शिक्षक उपस्थित रहे। श्रीमती मनीषा वर्मा, श्रीमती कमला शर्मा, बालमुकुंद गौतम, सपना गुप्ता, मीना नामदेव, रेखा बागरी, गीतांजली सोनी, गौरादेवी गर्ग, मोहिनी फौजदार, राम किशोर वर्मा, दिनेश कुमार पाण्डेय, सोनेंद्र पांडेय, सतीश पटेल, मुकेश सिंह, विवेक रैकवार, अमितेश मिश्र, जयनारायण सिंह, कुमारी चेतना सोनी, पुष्पा तिवारी, लालमन कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# समाजवादी पार्टी 14 को करेगी डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती का भव्य आयोजन

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 5 अप्रैल। समाजवादी पार्टी कार्यालय में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष शिव शंकर सिंह यादव एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने किया।**

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने बताया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं नेताओं को विधान सभा की तैयारियों में जुटने का आह्वाहन किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार आगामी 14 अप्रैल को दोनों विधान सभाओं में सेक्टर वार संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर की जयंती का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बाबा साहब के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाएगा।

# भाजपा मंडल सेमरवारा के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर निकाली गई रैली

नवभारत न्यूज

**नागौद 5 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी जिला सतना के रैगांव विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी जिला सतना के जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय के निर्देश पर सेमरवारा मंडल में पार्टी के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर सेमरवारा मंडल के बूथ क्रमांक 71 गिंजारा में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस की पूर्व संध्या में रैली निकालकर एवं



मिठाइयां बाटकर पार्टी के स्थापना दिवस को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। उक्त रैली में भारतीय जनता पार्टी जिला सतना के जिला उपाध्यक्ष श्रीकृष्ण द्विवेदी (एडवोकेट), भारतीय जनता पार्टी मंडल सेमरवारा के मंडल अध्यक्ष धनंजय सिंह, भाजपा युवा मोर्चा मंडल सेमरवारा के अध्यक्ष भूपेंद्र रजक डियर, युवा मोर्चा सोशल मीडिया प्रभारी संदीप विश्वकर्मा, शैलेंद्र विश्वकर्मा, कौशलेंद्र सेन, अखिलेश अहिरवार, प्रदीप विश्वकर्मा, अमरेंद्र विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा, ईश्वरदीन अहिरवार, बृजेश विश्वकर्मा, दीपक विश्वकर्मा, पुष्पेंद्र दहिया, जयप्रकाश दहिया, सुदामा विश्वकर्मा, रामकरण विश्वकर्मा आदि लोगों उपस्थित रहे।

# भविष्य से भेंट कार्यक्रम में छात्राओं को मिला प्रेरणा और मार्गदर्शन

नवभारत न्यूज

**नागौद 5 अप्रैल। पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नागौद में प्रवेश उत्सव के अंतर्गत 4 अप्रैल 2026 को भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार नागौद सुश्री प्रज्ञा दुबे उपस्थित रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख श्रीमती विनीता श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। भविष्य से भेंट एक अनूठी पहल है, जिसके तहत प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से



छात्राओं को प्रेरित करने और उनके करियर मार्गदर्शन का प्रयास किया जाता है। इस अवसर पर तहसीलदार सुश्री प्रज्ञा दुबे ने छात्राओं को संबोधित करते हुए अपने अनुभव साझा किए।उन्होंने छात्राओं को जीवन में सफल होने के लिए तीन महत्वपूर्ण बातें बताईं—नशे से दूर रहना, सदैव सत्य बोलना और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ मेहनत करना। उनके प्रेरणादायक विचारों से छात्राओं में उत्साह और जागरूकता देखने को मिली।कार्यक्रम में छात्राओं के साथ साथ शिक्षिका श्रीमती बबिता सिंह सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती प्रियंका सिंह ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन बालकृष्ण अच्युत द्वारा किया गया।

# अन्य कामों के साथ साथ ग्रामोदय के दूरवर्ती पाठ्यक्रमों में पढ़ाई का अवसर

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट, 5 अप्रैल। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा दूरवर्ती शिक्षा (ओडीएल) के अंतर्गत संचालित स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पाठ्यक्रमों की विशेषता यह है कि विद्यार्थी अपनी नौकरी, व्यवसाय अथवा अन्य कार्यों के साथ-साथ उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।**

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों में कला, वाणिज्य, विज्ञान एवं सामाजिक कार्य सहित विभिन्न विषयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कार्यक्रम शामिल हैं। इसके अतिरिक्त पत्रकारिता, कंप्यूटर, साइबर सुरक्षा, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, मानवाधिकार, आपदा प्रबंधन, औद्योगिक संबंध एवं एनजीओ प्रबंधन जैसे रोजगारपरक डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी उपलब्ध हैं।

दूरवर्ती शिक्षा प्रणाली के माध्यम से विद्यार्थियों को समय एवं स्थान की बाध्यता से मुक्त रखते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं लचीली शिक्षा प्रदान की जा रही है, जिससे वे अपनी आजीविका के साथ-साथ शिक्षा को भी निरंतर जारी रख सकें।

इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो आलोक चौबे ने कहा कि, वर्तमान समय में शिक्षा को लचीला एवं रोजगारपरक बनाना अत्यंत आवश्यक है। दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से हम ऐसे विद्यार्थियों तक उच्च शिक्षा पहुंचा रहे हैं, जो किसी कारणवश नियमित अध्ययन नहीं कर पाते। यह पहल युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

निदेशक, दूरवर्ती प्रो कमलेश थापक ने युवाओं से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने ज्ञान एवं कौशल का विकास करें तथा अपने भविष्य को सुदृढ़ बनाएं। प्रवेश की अंतिम तिथि 10 अप्रैल 2026 है। इच्छुक अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किए जा सकते हैं।

## एक नजर में

### पुष्पेंद्र मिश्रा को मातृ शोक


**बिरसिंहपुर।** जिले के बिरसिंहपुर तहसील के हरिहरपुर ग्राम के निवासी देवा



मिश्रा को दिनांक 02.04.26 को सुबह के 6:30 बजे ब्रेन अटैक आने से उनकी हालत खराब हो गई थी जिसके बाद आनन फानन में उन्हें सतना के अस्पताल ले जाया गया जहां के डॉक्टरों ने उन्हें रीवा के सुपर हॉस्पिटल में इलाज के लिए रेफर कर दिया गया जिसके बाद देवा मिश्रा को रीवा के अस्पताल में भर्ती कर दिया गया विगत दिनो दिनांक 04.04.26 को शाम के 7:40 पर अचानक तबियत बहुत ज्यादा बिगड़ने के कारण देवा मिश्रा का अचानक आकस्मिक निधन हो गया देवा मिश्रा का 76 वर्ष की उम्र में निधन होने से उनके बड़े पुत्र पुष्पेंद्र मिश्रा व छोटे पुत्र राजीव लोचन को गहरा शोक पहुंचा है विगत 2 वर्ष पूर्व में ही देवा मिश्रा के पति रामखेलावन मिश्रा (शिक्षक) का भी स्वर्गवास हुआ था। देवा मिश्रा के निधन से उनके परिवार एवं रिश्तेदारों ने भी गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने में प्रमुख रूप से पुष्पेंद्र मिश्रा, राजललन मिश्रा, राजीवलोचन मिश्रा, संजय मिश्रा, डॉक्टर उत्तम द्विवेदी, एसडी द्विवेदी, त्रिवेणी पाठक, पत्रकार बद्री पाठक बिरसिंहपुर, वंशगोपाल द्विवेदी, पुष्पराज मिश्रा, पप्पू मिश्रा, दीपक मिश्रा, रमेश मिश्रा विनय मिश्रा, ओमप्रकाश द्विवेदी, हर्ष द्विवेदी, अनिकेत द्विवेदी, अंकित मिश्रा, अतुल मिश्रा, पवन मिश्रा, सागर मिश्रा, प्रवीण मिश्रा, विकास मिश्रा, प्रकाश मिश्रा, सुजीत द्विवेदी, देवराज चतुर्वेदी, डॉक्टर राजरूप दहिया, विकास चतुर्वेदी, रंजन मिश्रा, शिव बालक, शिवम, विपिन, ललन व अन्य बहुत से सैकड़ों गणमान्य नागरिकों ने देवा मिश्रा के निधन पर शोक व्यक्त कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देवा मिश्रा की आत्मा को भगवान शांति प्रदान करें ऐसा सभी ने ईश्वर से प्रार्थना किया।

### महेश पाण्डेय के निधन पर भटिगवा ग्राम में शोक व्याप्त

**बिरसिंहपुर/ कोटर।** रीवा जिले के सेमरिया तहसील के भटिगवा ग्राम



निवासी महेश पाण्डेय उर्फ बबलू उम्र 45 वर्ष का दिनांक 02.04.26 को चंद्रपुर से वापस अपने गृह ग्राम आते समय हरदुआ के पास रात्रि 8:30 बजे उनकी बाइक का एक्सीडेंट हो जाता है। जिससे बाद रीवा से आ रही एंबुलेंस के द्वारा उन्हें रीवा के संजय गांधी जिला चिकित्सालय में ले जाया गया जहां डॉक्टर ने बताया कि बाइक से गिरने के कारण बाइक का हैंडल इनके पेट में लगा है जिससे महेश पाण्डेय की किडनी व लिवर में गहरी आंतरिक चोट पहुंची है और शरीर से ब्लड भारी मात्रा में निकल रहा है हालत गंभीर होने के कारण रीवा के डॉक्टरों द्वारा उन्हें जबलपुर के लिए रेफर कर दिया गया है जबलपुर अस्पताल पहुंचने के मात्र कुछ ही दूरी पहले महेश पाण्डेय का सुबह के 6:15 पर रास्ते पर ही निधन हो जाता है महेश पाण्डेय के निधन की खबर सुनते ही उनके पूरे परिवार सहित भटिगवां ग्राम में शोक की व्यात हो गया महेश पाण्डेय के निधन पर उनके पिता तुलसीदास पाण्डेय बड़े भाई शिव कुमार पाण्डेय छोटे भाई विकाश पाण्डेय को गहरा दु:ख पहुंचा है सभी रिश्तेदारों ने भी महेश पाण्डेय के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है लोगों ने बताया कि महेश महेश पाण्डेय स्वभाव के बहुत ही अच्छे व सरल व्यक्तित्व के थे महेश पाण्डेय का अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम में ही किया गया है। शोक व्यक्त करने में प्रमुख रूप से उनके महेश पाण्डेय के पिता तुलसीदास पाण्डेय चाचा हीरालाल, रोहणी प्रसाद व उनके बड़े भाई शिव कुमार पाण्डेय छोटे भाई विकाश पाण्डेय मिथलेश पाण्डेय राजेश पाण्डेय ग्राम सरपंच शत्रुघ्न प्रसाद पांडेय पत्रकार बद्री पाठक बिरसिंहपुर रामनिवास, राजा मिश्रा, परदेशी राम रुचि मिश्रा, हीरा मामा, अभिलाष, विनीत गौतम चित्रकूट मातेश्वरी, राजेश्वरी, विंदेश्वरी, राघवेन्द्र मिश्रा धर्मेन्द्र गौतम, अशोक, सोनू, लल्लू गर्ग, तरुण शर्मा पुत्रद्व प्रकाश, सुभाष, भतीजे सनी सागर, भाई राकेश, विकाश, महेंद्र, नारायण, रावेंद्र, अमित, उमेश, शिवम (भोले), राकेश (गुड्डू), राजू, सूरज, संतोष, अजय, सुंदर, उत्तम, राजकुमार सेमरिया नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष भागीरथी शुक्ला समेत सैकड़ों की संख्या में लोगों ने महेश पाण्डेय के निधन पर शोक व्यक्त कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए महेश पाण्डेय की आत्मा को भगवान शान्ति प्रदान करे ऐसा सभी ने ईश्वर से प्रार्थना किया।

# कामतानाथ परिक्रमा में विशेष स्वच्छता अभियान में जनसहभागिता पर जोर

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 5 अप्रैल। धर्म नगर चित्रकूट कामत गिर परिक्रमा को स्वच्छताक जिलाधिकारी चित्रकूट के निर्देशानुसार अपर जिलाअधिकारी ;न्यायिकद्ध एवं प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय श्री अरुण कुमार के कुशल पर्यवेक्षण तथा अधिशासी अधिकारी श्री लाल जी के निर्देशन में नगर पालिका परिषद चित्रकूट मध्य प्रदेश के निशुल्क सेवा श्रम कार्यकर्ताओ नै कामदगिरि स्वच्छता समिति के संयुक्त तत्वावधान में कामता नाथ परिक्रमा क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया गया।**

अभियान के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन ;नगरीद्ध के जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री शिवा कुमार के नेतृत्व में परिक्रमा मार्ग पर व्यापक स्तर पर साफ.सफाई कराई गई। इस दौरान कूड़ा.कचरा निष्पादन नालियों की समुचित सफाई एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाए जाने पर विशेष बल दिया गया सफाई कर्मियों द्वारा चिन्हित स्थलों पर विशेष अभियान चलाकर स्वच्छता सुनिश्चित की गईकार्यक्रम के दौरान कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष श्री



राकेश केशरवानी द्वारा जनसमुदाय को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए परिक्रमा मार्ग को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की गई। जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री शिवा कुमार ने अपने संबोधन में स्वच्छ सर्वेक्षण 26 में जनपद को उत्कृष्ट स्थान दिलाने हेतु आम जन की सक्रिय सहभागिता को आवश्यक बताया। उन्होंने श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों से पॉलिथीन का उपयोग न करने कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालने तथा गीला एवं सूखा कचरा पृथक.पृथक देने का आग्रह किया।साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगीउक्त अभियान के दौरान स्थानीय नागरिकों दुकानदारों एवं श्रद्धालुओं को स्वच्छता ही सेवा का संदेश देते हुए स्वच्छ सुंदर एवं व्यवस्थित नगर के निर्माण में सहयोग की अपील की गई। सभी उपस्थित अधिकारियोंए कर्मचारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक रूप से स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया गया इस अवसर पर श्रम कार्यकर्त श्री जितेंद्र केशरवानी श्री राजेंद्र त्रिपाठी श्री कृष्णा शुक्ला श्रीमती अंजू वर्मा श्री विनोद कुमार श्रीमती जानकी त्रिपाठी श्री देशराज शुक्ला सफाई नायक श्रीमती जानकी कुशवाह सफाई नायक श्री विनोद सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी

# जलापूर्ति न होने से नाराज एडीएम ने लगाई फटकार

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 5 अप्रैल। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे स्वप्निल कुमार यादव ने पाठा क्षेत्र में निर्माणाधीन रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अंतर्गत इटवा डुड़ैला और टिकरिया जमुनिहाई ग्राम का निरीक्षण किया गया।**

निरीक्षण के दौरान इटावा डुड़ैला ग्राम पंचायत के 9 मजरो में से आठ मजरो कमिशिंग का कार्य पूर्ण हो गया है तथा एक मजरा दुदौली पुरवा में पाइपलाइन का कार्य अवशेष पाया गया एवं टिकुरीहा जमुनियाही में कमीश्निग का कार्य पूर्ण हो गया है।



ग्राम इटवा डुडैला में कुल 935 हाउस कनेक्शन प्रदान किए गए हैं एवं टिकुरिया जमुनिया में 421 कनेक्शन प्रदान किए गए है।

निरीक्षण के दौरान ग्राम वासियों द्वारा अवगत कराया गया है कि जलापूर्ति 15 दिन में दो दिन जला पूर्ति की जाती है।अपर जिलाधिकारी द्वारा निर्देश फर्म के डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर एस मोर्या एवं उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण के सहायक अभियंता को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिए गए की उक्त ग्रामों में 15 दिवस में अवशेष कार्यों को पूर्ण कराते हुए नियमित जलापूर्ति प्रारंभ कराना सुनिश्चित करें।

# सीएम योगी ने चित्रकूट डीएम की पहल को सराहा

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 5 अपैल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कंपोजिट विद्यालय शिवपुर (वाराणसी) से स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया गया।**

जिसका लाइव प्रसारण चित्रकूट जनपद के ऑडिटोरियम में किया गया। इस अवसर पर सीएम योगी ने डीएम पुलकित गर्ग की अपनी बेटी का दाखिला सरकारी आंगनबाडी केंद्र में कराने की पहल की जमकर सराहना की गई। वहीं चित्रकूट में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ जिलाधिकारी व जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर एवं प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूल चलो



अभियान पर गीत गाकर कंपोजिट विद्यालय लुढ़वारा, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चकौंध व कस्तूरबा गांधी विद्यालय शिवरामपुर के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। साथ ही अभियान को कटपुतली अभिनय के माध्यम से अनुरंजना द्वारा प्रस्तुत किया गया एवं बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति भी की गई। मुख्यमंत्री के संबोधन में जिलाधिकारी द्वारा अपनी बेटी का आगनबाड़ी केंद्र में नामांकन का उदाहरण देने पर ऑडिटोरियम भवन में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत उपस्थित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी के इस सराहनीय कार्य के लिए अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।